प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 14.11.2026

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 18.06.2026 को थाना मंगलपुर पर वादी द्वारा लिखित तहरीर बावत पुराने विवाद को लेकर अभियुक्तगण द्वारा वादी का ऑटो रोककर, वादी को ऑटो से उतारकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से लाठी, डण्डों व धारदार चाकू से जानलेवा हमला कर देने तथा वादी के सिर में चोट आने के सम्बन्ध में दी गयी थी। जिसके आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0सं0 163/2026 धारा 126(2)/109(1)/131/352/351(3)/191(2)/191(3) बीएनएस बनाम 1. अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, 2. प्रद्युम्न प्रताप सिंह पुत्र धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, 3. इमाम पुत्र मजीद, 4. सूरज पुत्र श्यामबाबू कंजड, 5. सौरभ पुत्र अज्ञात समस्त निवासीगण कस्बा थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात एवं 02-03 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त इमाम उर्फ अजहर पुत्र मजीद (उम्र करीब 18 वर्ष) निवासी कस्बा व थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात को मंगलपुर चौराहा से आज दिनांक 14.11.2026 को समय 09:25 बजे गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में शेष वांछित अभियुक्त सौरभ की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. इमाम उर्फ अजहर पुत्र मजीद उम्र करीब 18 वर्ष नि0 कस्बा व थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. .मु0अ0सं0 163/26 धारा 126(2)/109(1)/131/ 352/351(3)/191(2)/191(3) बीएनएस थाना मंगलपुर।
2. मु0अ0सं0 370/25 धारा 115(2)/117(2)/3(5)/324(2)/351(3)/352 बीएनएस व 3(2)(Va) Sc/St Act थाना मंगलपुर।
3. मु0अ0सं0 416/25 धारा 115(2)/333/351(3)/352 बीएनएस थाना मंगलपुर

।गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री संजय सिंह थाना मंगलपुर।
2. कां0 423 सुशील थाना मंगलपुर।
3. कां0 408 आकाश कुमार थाना मंगलपुर।